भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 397
05.02.2024 को उत्तर के लिए

शेरों की मौतों में वृद्धि

397. श्री राजीव प्रताप रूडी :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में शेरों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कुल संख्या कितनी है;
(ख) क्या देश में शेरों की मौतों में वृद्धि हो रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में कुल कितने शेरों की मौत दर्ज की गई है;
(घ) क्या सरकार ने शेरों की मौत के कारणों की जांच कराई है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) देश में, केवल गुजरात राज्य के वनों में ही शेर पाए जाते हैं। उक्त राज्य द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, जून, 2020 माह में की गई पिछली गणना के अनुमान के अनुसार गुजरात राज्य में 674 एशियाई शेर हैं।

(ख) जी, नहीं।

(ग) राज्य द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, गत पांच वर्षों के दौरान दर्ज शेरों की मौतों का ब्यौरा निम्नानुसार है :-

वर्ष	**वर्ष के दौरान दर्ज शेरों की मौतें**
2019	113
2020	124
2021	105
2022	110
2023	103

(घ) और (ङ) राज्य द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, शेर की मौत की प्रत्येक घटना की वन अधिकारियों और पशु चिकित्सकों द्वारा जांच की जाती है। शेर की मौत के प्रत्येक मामले में तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए जाते हैं :

(i) घटना के स्थान और समय का ब्यौरा तथा मौत का मुख्य कारण दर्शाने वाली विस्तुत जांच रिपोर्ट तैयार की जाती है।

(ii) पशु चिकित्सक द्वारा पोस्ट-मार्टम रिपोर्ट तैयार की जाती है।

(iii) यदि अपेक्षित हो, विसरा और नमूने विस्तृत विश्लेषण के लिए न्यायिक विज्ञान प्रयोगशाला को भेजे जाते हैं।

*****